उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
मुख्य परीक्षा-2020
(सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र-3)
मॉडल पेपर-2

निर्धारित समय : 3 घंटे   अधिकतम अंक : 200

खंड-अ

1. "अच्छे फिल्मकार विज्ञान व वैज्ञानिकों पर प्रेरक फिल्मों का निर्माण करके युवा पीढ़ी के बीच वैज्ञानिक खोज के लिये जिज्ञासा और साहस की भावना को विकसित करने में मदद करते हैं। यह देश में विज्ञान के प्रति अभिरुचि के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है"। इस कथन की समालोचनात्मक चर्चा कीजिये? **(उत्तर 125 शब्द) अंक:8**
2. "आतंकी घटनाओं से भारत की आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों को रोकने में भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय की कमी देखी जाती है।" कथन का परीक्षण कीजिये? **(उत्तर 125 शब्द) अंक:8**
3. असम राइफल के गठन के उद्देश्य एवं पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा में उसकी भूमिका की विवेचना कीजिये? **(उत्तर 125 शब्द) अंक:8**
4. "नीति आयोग भारत सरकार के सर्वोत्तकृष्ट मंच के रूप में कार्य करता है जो राज्यों को राष्ट्रीय हित में कार्य करने के लिये एक साथ लाता है"। विवेचना कीजिये? **(उत्तर 125 शब्द) अंक:8**
5. उत्तर प्रदेश में कुक्कुट पालन योजना के अंतर्गत मुर्गी पालन व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार की कुक्कुट विकास नीति की समालोचनात्मक चर्चा कीजिये? **(उत्तर 125 शब्द) अंक:8**
6. वर्ष 2030 तक गरीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में आ रही समस्याओं का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिये? इस संदर्भ में तमिलनाडु और त्रिपुरा जैसे राज्यों का प्रदर्शन अन्य राज्यों से बेहतर कैसे हैं? स्पष्ट कीजिये। **(उत्तर 125 शब्द) अंक:8**
7. भारत में भूमि सुधार कार्यान्वयन की अब तक की गति धीमी रहने के क्या कारण हैं? भूमि रिकार्ड के डिजिटलीकरण से भूमि सुधार में किस तरह के बदलाव अपेक्षित हैं? स्पष्ट कीजिये। **(उत्तर 125 शब्द) अंक:8**
8. हाल के कुछ वर्षों में भारत में बंदरगाह एवं विमानपत्तन जैसे आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हुई प्रगति की सोदाहरण विवेचना कीजिये। **(उत्तर 125 शब्द) अंक:8**
9. पारितंत्र से आप क्या समझते हैं? कुछ जलीय पारितंत्रों का उदाहरण देते हुए जैव विविधता में आर्द्र भूमियों के महत्त्व को स्पष्ट कीजिये? **(उत्तर 125 शब्द) अंक:8**
10. वर्तमान वैश्विक दौर में व्यक्ति के बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा कितना महत्त्वपूर्ण है? भारत में बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा के लिये बनाए गए कानून के मुख्य प्रावधानों के साथ इसे स्पष्ट कीजिये? **(उत्तर 125 शब्द) अंक:8**

खंड-ब

11. चरमपंथी संगठन वैश्विक स्तर पर अपनी विचारधारा के प्रसार और नए सदस्यों की भर्ती के लिये संचार-साधनों के रूप में सामाजिक नेटवर्क पर अपनी गतिविधियाँ लगातार बढ़ा रहे हैं। इन गतिविधियों से अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष किस तरह की चुनौतियाँ उत्पन्न हो रही हैं, उनका विश्लेषण कीजिये? **(उत्तर 200 शब्द) अंक:12**
12. मनी लॉड्रिंग क्या है? यह अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा को कैसे प्रभावित करता है? इसे रोकने के विधिक उपायों पर चर्चा कीजिये? **(उत्तर 200 शब्द) अंक:12**
13. भारत में आंतरिक सुरक्षा को बेहतर करने के उपाय के रूप में राज्यों के पुलिस बलों के आधुनिकीकरण के बजाय विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच आपसी सहयोग आवश्यक है। इस तर्क से आप कहाँ तक सहमत हैं, विवेचना कीजिये? **(उत्तर 200 शब्द) अंक:12**
14. उदारीकरण के पश्चात् भारत में अपनाई गई नई आर्थिक नीति का मुख्य उद्देश्य एक साधन के रूप में अर्थव्यवस्था में अधिक प्रतिस्पर्धी माहौल का निर्माण करने के साथ-साथ उत्पादकता और कार्यकुशलता में सुधार करना था। समालोचनात्मक व्याख्या कीजिये? **(उत्तर 200 शब्द) अंक:12**
15. "भारत में गरीबी पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक प्रभावित करती है, क्योंकि उनके पास संसाधनों तक सीमित पहुँच होती है"। गरीबी समाप्ति के संदर्भ में उपरोक्त कथन का विश्लेषण कीजिये? **(उत्तर 200 शब्द) अंक:12**

16. यदि मानव संसाधन विकास पर समुचित ध्यान दिया जाए तो संसाधनों से भरपूर पूर्वी उत्तर प्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था का नया हॉटस्पॉट बन सकता है। विवेचना कीजिये। **(उत्तर 200 शब्द) अंक:12**

17. उत्तर प्रदेश में पीडीएस में भ्रष्टाचार राज्य में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को कैसे असुरक्षित करता है। इसके रोकथाम के लिये राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे उपायों का विवरण दीजिये? इसके स्थायी समाधान के लिये कुछ सुझाव भी दीजिये? **(उत्तर 200 शब्द) अंक:12**

18. उत्तर प्रदेश में बालिकाओं एवं महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा के साथ-साथ विकास के नए अवसर प्रदान करने के लिये आरंभ की गई कुछ योजनाओं की चर्चा कीजिये। और साथ-साथ यह भी बताइये कि ये योजनाएँ महिला सशक्तीकरण की दिशा में कहाँ तक प्रयासरत हैं? **(उत्तर 200 शब्द) अंक:12**

19. "प्रौद्योगिकी हस्तांतरण" प्राय: चर्चा में रहता है। यह क्या है? इसरो द्वारा अपने विकसित प्रौद्योगिकी का व्यवसायीकरण करने के उसके फैसले के निहितार्थों की विवेचना कीजिये? **(उत्तर 200 शब्द) अंक:12**

20. यूपीआई (Unified Payments Interface-UPI) क्या है? इसकी मुख्य विशेषताओं को स्पष्ट कीजिये? **(उत्तर 200 शब्द) अंक:12**

Drishti IAS